राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–विज्ञप्ति

एफ .7(02)/परीक्षा–ग/व.अ./माध्य. शिक्षा/2018–19/ 1741 दिनांक 09.11.2019

वरिष्ठ अध्यापक (माध्य.शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2018 (टीएसपी/नॉन–टीएसपी) के अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच हेतु विचारित सूचियाँ दिनांक 29.07.2019 से 21.08.2019 तक जारी कर दी गई हैं। उक्त सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों के विस्तृत आवेदन पत्रों की जांच काउन्सलिंग के माध्यम से की जावेगी। पात्रता जांच उपरान्त पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का अन्तिम परिणाम जारी किया जावेगा। विस्तृत आवेदन पत्रों की जांच कार्यक्रम अभ्यर्थियों के प्रपत्रादि आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर जारी किये जा रहे हैं, जिन्हें अभ्यर्थी दिनांक 11.11.2019 से डाउनलोड कर पात्रता कार्यक्रम अनुसार भरे हुए विस्तृत आवेदन पत्र की दो प्रतियों मय स्वप्रमाणित दस्तावेजों की एक प्रति के साथ निर्धारित अवधि में स्वयं व्यक्तिशः काउन्सलिंग के दौरान आयोग कार्यालय में उपस्थित होवें। आयोग कार्यालय में अभ्यर्थियों का विषयवार/रोल नम्बर–वाईज मय विस्तृत आवेदन–पत्र दिनांक 18.11.2019 से काउन्सलिंग हेतु कार्यक्रमानुसार स्वयं उपस्थित होना है।

1– प्रत्येक विषय के आवेदन–पत्र मंगवाने हेतु पृथक–पृथक अवधि निर्धारित होगी जो प्रत्येक विषय की विचारित–सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र व्यक्तिशः काउन्सलिंग में जमा कराने हेतु उन्हें रोल नम्बरवार पृथक–पृथक दिनांक एवं सत्र (पूर्वान्ह एवं अपरान्ह) निर्धारित किया गया है।

2– प्रतिदिन जिस काउन्टर पर जिस विषय एवं रोल नम्बर की काउन्सलिंग होगी, आयोग के मुख्य द्वार के बाहर उक्त विषय एवं रोल नम्बर की सूचना चस्पा होगी।

उक्त सूचना समय पूर्व आयोग कार्यालय की वेबसाईट पर भी अभ्यर्थियों की सुविधार्थ उपलब्ध कराई जायेगी।

आयोग कार्यालय में अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग कराने हेतु TIME TABLE दिनांक 25.11.2019 तक निम्नानुसार हैः–

क्र. स.	विषय	विज्ञापित पद	परिणाम (विचारित–सूची) में सफल अभ्यर्थियों के रोल नम्बर	आयोग कार्यालय में काउन्सलिंग की दिनांक		कुल अभ्यर्थियों की संख्या	
1	हिन्दी (टीएसपी)	318	419643	926443	18.11. 2019	682	983
2	अंग्रेजी (टीएसपी)	16	151213	615382	18.11. 2019	41	
3	विज्ञान (टीएसपी)	39	450749	925786	18.11. 2019	90	
4	गणित (टीएसपी)	71	151004	614032	18.11. 2019	147	
5	उर्दू (टीएसपी)	14	452806	922274	18.11. 2019	23	
6	सामाजिक विज्ञान (टीएसपी)	202	120625	614881	19.11. 2019	466	866
7	संस्कृत (टीएसपी)	178	451282	925973	19.11. 2019	400	
	Total	838				1849	1849

क्र. स.	विषय	विज्ञापित पद शुद्धि–पत्र दि. 23.07.2019 के अनुसार	परिणाम (विचारित–सूची) में सफल अभ्यर्थियों के रोल नम्बर		आयोग कार्यालय मेंकाउन्सलिग की दिनांक	कुल अभ्यर्थियों की संख्या
01	पंजाबी(नॉन–टीएसपी)	93	104998	587125	20.11.2019 AM	212
02	सिन्धी(नॉन–टीएसपी)	04	103796	344104	20.11.2019 AM	10
03	उर्दू(नॉन–टीएसपी)	118	400697	914503	20.11.2019 AM	263
04	गणित (नॉन–टीएसपी)	727	100146	603250	20.11.2019 PM	1521
					21.11.2019 AM	
					21.11.2019 PM	
05	अंग्रेजी (नॉन–टीएसपी)	819	100019	609272	22.11.2019 AM	1860
					22.11.2019 PM	
					25.11.2019 AM	
					25.11.2019 PM	

इस हेतु अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा पृथक से कोई ऑफलाईन पत्र जारी नहीं किया जायेगा। शेष अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग कार्यक्रम की सूचना आयोग द्वारा यथा समय जारी कर दी जावेगी। आयोग द्वारा आगामी काउन्सलिंग संबंधी सूचना प्रेस–नोट द्वारा जारी कर दी जावेगी।

साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि आयोग द्वारा अपलोड किये गये 02 पात्रता प्रपत्रों, व काउन्सलिंग–पत्र के साथ अभ्यर्थियों के आवश्यक दिशा–निर्देशों को डाउनलोड कर उनका ध्यानपूर्वक अध्ययन करते हुए दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें।

निर्धारित दिनांक एवं समय पर विस्तृत आवेदन–पत्र मय अपेक्षित दस्तावेज व्यक्तिशः काउन्सलिंग के दौरान जमा नहीं कराने वाले अभ्यर्थी को काउन्सलिंग से वंचित कर दिया जायेगा, इस हेतु अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। निर्धारित अवधि में आवेदन–पत्र जमा नहीं कराने वाले अभ्यर्थी अन्तिम परिणाम हेतु विचारित योग्य नहीं होंगे, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। काउन्सलिंग में शामिल अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(रेणु जयपाल)
सचिव